AGRADIANCE

"To Reach the Good News to the Poor"

For Private Circulation Only

AGRA ARCHDIOCESAN NEWS LETTER

AUGUST 2021

Assumption of
Blessed Virgin Mary

15th August
Independence Day
स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामानाएँ!

Hearty Congratulations
Dear & Rev. Dn. Kulkant Chhinchani

श्रद्धेय उपयाजक कुलकान्त
को हार्दिक बधाई और
शुभकामनाएं!

St. John Mary Vianney

रक्षाबन्धन की
हार्दिक शुभकामानाएँ!

Archdiocese at a glance

His Grace Dr. Albert D'Souza Felicitated on his 76th Birthday

Schola Brevis & Rite to Admission (Diaconate), SJRS, Prayagraj

Schola Brevis, MVP, Agra

Paridhan Divas, MVP, Agra

Schola Brevis New Comers' Day, SLS, Agra

Ordination to Diaconate of Bro. Kulkant Chhinchani, 25 July 2021, St. Joseph's Church, G. Noida

Editorial

प्रिय मित्रों, **अग्रेडियन्स** का अगस्त महीने का अंक आपके हाथों में है, आशा है कि आपको पसन्द आयेगा।

अगस्त महीना हम सभी भारतवासियों के लिए एक विशेष महत्व रखता है, क्योंकि सन् 1947 में इसी महीने की 15 तारीख़ को हम स्वतंत्र हुए थे। हमारे देश को आज़ाद कराने में हजारों-लाखों स्वतन्त्रता प्रेमियों ने अपनी जान की कुर्बानियाँ दी थीं। यह आज़ादी हमें यूँ ही आसानी से नहीं मिली थी, इसकी एक बहुत बड़ी कीमत हमें चुकानी पड़ी थी, इसलिए हम इसे आसानी से नहीं गवाएँ। भारतमाता के न जाने कितने लाल शहीद हुए थे, तब हमें आज़ादी मिली थी।

इसी महीने की 15 तारीख को हम धन्य कुँवारी मरियम के स्वर्गारोहण का महापर्व मनाते हैं। यह हमारे विश्वास की साक्षी है। माँ मरियम आत्मा और शरीर सहित आसमान में उठा ली गईं। वहाँ से वह अपने भक्तों के लिए निरन्तर प्रार्थना करती हैं। प्रभु ईश्वर ने अपनी प्रतिज्ञानुसार उनके शरीर को कब्र में सड़ने-गलने नहीं दिया। उन्हें सदेह स्वर्ग में आरोहित कर लिया।

इसी महीने की 4 ता. को हम अपने पूर्व महाधर्माचार्य डॉ. आल्बर्ट डिसूज़ा का जन्मदिन भी मनाते हैं। आगरा महाधर्मप्रांत हमेशा उनका आभारी रहेगा, उनके प्यार, संस्कार और सभी सेवाओं के लिए **अग्रेडियन्स** अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की कामना करती है।

4 अगस्त को ही हम सभी काथलिक विश्वासी लोग पुरोहितों के संरक्षक संत जॉन मेरी वियान्नी का पर्व मनाते हैं। सभी पल्ली पुरोहितों के लिए वे एक आदर्श संत हैं। संत जॉन मेरी वियान्नी के बारे में कहा जाता है, कि वे पढ़ने में बहुत कमज़ोर थे। पुरोहित बनने का अध्ययन भी वे बड़ी मुश्किल से पूरा कर पाए, किन्तु उन्हें आध्यात्मिकता, धार्मिकता एवं ईश्वर में अटूट विश्वास था। इसी के फलस्वरूप वे पुरोहित बने। उन्हें आर्स नगर में भेजा गया, जहाँ लोग ईश्वर से दूर होते जा रहे थे। वे सांसारिकता में डूबते जा रहे थे। संत जॉन ने परम प्रसाद की भक्ति व अपने सात्विक जीवन से वहाँ के लोगों का दिल जीत लिया और उन्हें प्रभु की ओर मोड़ने में पूरी तरह से सफल रहे। आर्स एक आदर्श पल्ली बन गया। लोग घण्टों पंक्तियों में खड़े रहते थे, कि संत जॉन से पाप स्वीकार करें। उनके इन्हीं गुणों के कारण संत जॉन को सभी पुरोहितों का संरक्षक व आदर्श माना जाता है।

महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि ने अपने मासिक संदेश में हमें सच्ची व आध्यात्मिक स्वतन्त्रता के बारे में समझाया है। सच्ची स्वतंत्रता आत्मा की स्वतंत्रता है - अन्तर्रात्मा की आवाज़ है। यह कभी भी किसी का अहित नहीं करने देती। ऐसी स्वतंत्रता हमारे हृदयों में एक प्रकार की आग लगाती है, जो हमें जन-जन के कल्याण के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

जहाँ दक्षिणी राज्यों में कोरोना के नए मरीज़ों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है, जो कि वास्तव में एक चिन्ता का विषय है, वहीं दूसरी ओर हमारे अपने उत्तम प्रदेश में यह महामारी लगभग समाप्त हो चुकी है - क्योंकि चुनाव भी तो आ रहे हैं न।

इस वर्ष भी हमारे सभी बोर्ड की परीक्षाओं में बेटियों ने हमेशा की तरह बाज़ी मार ली है। कुल रिज़ल्ट 97% के करीब रहा है हालाँकि इस बार परीक्षाए भी नहीं हुईं - सब कोरोना की भेंट चढ़ गईं। फिर भी ताज्जुब है, कि कुछ 3% छात्र उसमें भी असफल हो गए हैं। अब ऐसे असफल, विरले बच्चों की खोज की जा रही है, क्योंकि उनमें से ही बहुत से लोग आने वाले कल में हमारे देश के कर्णधार होंगे...समाज का कल्याण करेंगे।

एक बार फिर से एक लम्बे समय के बाद हमारे महाधर्मप्रांत में इस महीने से छः उपयाजक होंगे। तीन पहले से ही हैं। एक ब्रदर कुलकान्त हाल ही में ग्रेटर नोएडा में अभिषिक्त हुए हैं, और दो (ब्रदर सचित एवं ब्रदर असीम) प्रयागराज में अभिषिक्त होने वाले हैं...सबको बधाई।

इन दिनों संपूर्ण उत्तर भारत में सर्वत्र मूसलाधार वर्षा हो रही है...जान-माल का बहुत नुकसान भी हो रहा है - पुराने रिकार्ड भी टूट रहे हैं। खुदा ख़ैर करे!

प्रभु में आपका,

फादर यूजिन मून लाज़रस

(कृते, अग्रेडियन्स परिवार)

SHEPHERD'S VOICE

INDEPENDENCE DAY

Soon we will celeberate the Independence Day of our country. On that joyous day let us pledge our lives and our love to our Mother Land. Let us rededicate ourselves to the service of our country and our people. Let us resolve that we will not fail to make our contribution to the work of nation-building; that we will strain our every muscle and expend every ounce of our energy to create an Indian society where there is equality and justice, peace and harmony, progress and self-reliance; that we will collaborate with all people of good will to create a kingdom of God here. In that kingdom there will not be walls of prejudice, but only bridges of understanding; there will not be the cancer of doubt, but only a healthy trust. In that society sadness will give way to gladness, weeping and lamenting to singing and dancing; doubt will be replaced by faith, and despair by hope.

But how long a time must pass before such a kingdom arrives? When will such a society ever be born? It will begin to take birth in your heart the moment you can say in all sincerity 'I believe in Jesus Christ; I believe in the Father's love for me and for the world; I believe the Holy Spirit's power to enkindle in my heart the fire of His love'. When the flame of faith burns brightly in your heart, you will be able to say with St. Paul, "I can do all things through Him who strengthens me." Then the fire of love and the flame of faith will spread from your heart to other hearts, even as it spread from St. Paul's heart to Timothy's grandmother Loi's heart and from her heart to her daughter Eunice's heart and from her heart to Timothy's heart.

If the kingdom of God does not mean mere eating and drinking, but justice, peace and joy in the Holy Spirit then it is imperative that every member of that kingdom perform works that promote justice and peace, and radiate joy. Pope Paul VI once remarked, "If we wish to have true peace, we must give it a soul. The soul of peace is love. It is love that gives life to peace, more than victory or defeat, more than self-interest or fear, weariness or need. The soul of peace is love, which for us believers comes from God, and expresses itself in love for men".

The Second Vatican Council says somewhere, "In our times a special obligation binds us to make ourselves the neighbour of every person and actively helping him when he comes across our path, whether he be an old person abandoned by all, a foreign labourer unjustly looked down upon, a refugee child born of unlawful union wrongly suffering for a sin he did not commit, or a hungry person who disturbs our conscience". When our hearts are

filled with love, our eyes will not fail to see injustice done to and violence perpetrated on our brothers and sisters, our ears will not fail to hear their agonizing cries for help, and our conscience will not leave us in peace until we act in their favour. I wish we could make our own what Father Camilo Torres said about himself and his countrymen, "I chose Christianity because I felt that in it I had found the best way of serving my neighbour. I was elected by Christ to be a priest forever, motivated by the desire to devote myself full time to loving my country men. As a sociologist, I wished this love to become effective through science and technology. Upon analyzing Columbian society, I realized the need for a revolution that would give food to the hungry, drink to the thirsty, clothing to the naked, and bring out the well-being of (the citizens of) our country. I feel that the revolutionary struggle is a Christian and priestly struggle. Only through this, given the circumstances of our country, can we fulfill the love that men should have for their neighours."

According to Bible commentator William Barclay, the Magnificat is the most revolutionary document in the world. It speaks of three revolutions. The verse "He scatters the proud in the plans of their hearts" speaks of a moral revolution. The line "He casts down the mighty-He exalts the humble" indicates the social revolution. An economic revolution is depicted in the statement, "He has filled those who are hungry-those who are rich He has sent empty away."

Our resolve to bring about these revolutions through peaceful means will be our fitting tribute to our heavenly Mother Mary and to our motherland India. May Holy Mother Mary intercede for us and for the people of our beloved Bharat. I wish each of you a very Happy Independence Day and the blessings of the feast of Assumption.

Jai Maa Mariam! Jai Hind!

✠ **Raphy Manjaly**
(Archbishop of Agra)

महाधर्माध्यक्ष का संदेश (हिन्दी अनुवाद)

कुछ ही दिनों में हम अपने राष्ट्र की आज़ादी का दिन **स्वतंत्रता दिवस** मनाने वाले हैं। इस शुभ दिन आइए हम अपनी मातृभूमि के प्रति अपने जीवन और प्रेम की शपथ लें। आइए हम एक बार फिर से अपने देश और लोगों की सेवा की शपथ दोहराएं। आइए, हम प्रण करें कि हम अपने राष्ट्र निर्माण कार्य में सहयोग करने से पीछे नहीं हटेंगे। हम अपनी पूरी शक्ति और ऊर्जा एक ऐसे भारतवर्ष के निर्माण में लगाएंगे, जहाँ समानता और न्याय, शांति और सहयोग, उन्नति और आत्म निर्भरता हो, हम सभी भले लोगों और भलाई (अच्छाई) चाहने वाले लोगों के साथ मिलकर इस धरती पर स्वर्गराज्य का निर्माण करेंगे। उस राज्य में पूर्वाग्रह के लिए कोई स्थान नहीं होगा, इसके बदले वहाँ (आपसी) समझदारी के सेतु होंगे, संदेह का कैंसर नहीं होगा, किन्तु लोगों के बीच स्वस्थ विश्वास और भरोसा होगा। ऐसे समाज में वेदना के बदले आनन्द, करुण क्रन्दन और रोने-विलाप करने के बजाय गीत और नृत्य होंगे, शक (संदेह) की जगह विश्वास और निराशा के बदले आशा होगी।

लेकिन ऐसे राज्य की स्थापना में कितना वक्त लगेगा ?

कब इस प्रकार के समाज का जन्म होगा? कब उसकी स्थापना का सपना साकार होगा? यह आपके हृदय में उसी क्षण जन्म लेने लगेगा, जब आप पूरी ईमानदारी से यह कह सकोगे, ''मैं ईसा मसीह में विश्वास करता हूँ; मैं अपने लिए और विश्व के लिए पिता ईश्वर के प्रेम में विश्वास करता हूँ। मैं पवित्र आत्मा की शान्ति में विश्वास करता हूँ, जो मेरे हृदय में उसके प्रेम की अग्नि को प्रज्जवलित करता है। जब आपके हृदय में विश्वास की ज्योति तीव्र प्रकाश के साथ प्रज्ज्वलित होती है, तब आप संत पौलुस के साथ कह सकेंगे, ''मैं उसके द्वारा सब कुछ कर सकता हूँ, जो मुझे शक्ति (सामर्थ्य) प्रदान करता है।'' तब प्रेम की अग्नि और विश्वास की ज्योति आपके हृदय से होकर दूसरों के हाथों तक पहुँचेगी। जैसा कि संत पौलुस के हृदय से होकर तिमथी की दादी लोई के हृदय तक, फिर उसके हृदय से उसकी पुत्री यूनिस के हृदय तक और अंत में उसके हृदय से होकर तिमथी के हृदय तक पहुँची थी।

यदि स्वर्गराज्य का मतलब सिर्फ खाना-पीना नहीं है, किन्तु पवित्र आत्मा में न्याय, शांति और आनन्द है, तब यह अपेक्षित है कि उस राज्य का हरेक सदस्य न्याय और शांति को फैलाने के लिए काम करे और अपने जीवन आचरण से आनन्द की किरणों को सर्वत्र प्रज्ज्वलित करे। संत पिता पौलुस छठवें ने एक बार कहा था, ''यदि हम वास्तव में शांति चाहते हैं, तो हमें इसे अपनी आत्मा देनी होगी। आत्मा की शांति प्रेम है। प्रेम ही शांति को जीवन देता है, जो किसी भी विजय या पराजय, निज स्वार्थ और भय, चिन्ता और आवश्यकता से निश्चय ही बढ़कर है। आत्मा की शांति प्रेम है, जो हम विश्वासियों को स्वयं ईश्वर ही प्रदान करता है, और स्वयं को मानव मात्र से प्रेम में प्रकट करता है।''

द्वितीय वाटिकन महासभा के अनुसार, ''वर्तमान समय में हमें एक विशेष ज़िम्मेदारी (अनिवार्यता) दी गई है, जो हमें अपने पड़ोस के हरेक व्यक्ति के साथ बाँध देती है, कि हम सक्रिय रूप से उन सबकी सेवा-सहायता करें, जिनसे मार्ग में हमारी भेंट होती है, चाहे वह दूसरों द्वारा परित्यक्त कोई वृद्ध हो, कोई परदेसी मजदूर हो, जो किसी के अन्याय का शिकार हुआ हो, चाहे वह किसी अवैध सम्बन्ध से जन्मा कोई शरणार्थी शिशु हो, जिसे उस गुनाह की सज़ा भोगनी पड़ रही है, जो उसने किया ही नहीं या कोई भूखा-प्यासा व्यक्ति हो हमारे अन्त:करण को कचोट रहा हो। जब हमारे हृदय प्रेम से भरे हों, हमारी आँखें किसी भी व्यक्ति जिसके साथ अन्याय किया गया हो, या हमारे भाई-बहन जो किसी हिंसा के शिकार हुए हैं; उन्हें नज़र अन्दाज नहीं करेगी। हमारे कान उनकी करुण पुकार न सुनने की गलती नहीं करेंगे और हमारा अन्त:करण हमें शांति से तब तक जीने नहीं देगा, जब तक हम उसके हक में कोई कदम न उठा लें।''

मेरी कामना है, कि काश हम भी फादर कामिलो तोरेस के शब्दों को अपना बना पाते, जो उन्होंने अपने और अपने देशवासियों से कहे थे; ''मैंने मसीहत (ईसाई मत) को इसलिए चुना, क्योंकि मैंने इसमें अपने पड़ोसी की सेवा करने का सर्वोत्तम तरीका पाया। मैं ख्रीस्त द्वारा चुना गया, ताकि मैं सदा के लिए उसका पुरोहित रह सकूँ। उसने मुझे प्रेरित किया, कि मुझमें अपने देशवासियों से प्रेम करने के लिए अपना संपूर्ण समय दे सकूँ। ऐसे समपर्ण की इच्छा/भावना उसने मुझमें पैदा की। एक समाज शास्त्री होने के नाते यह मेरी इच्छा थी, कि यह प्रेम विज्ञान और तकनीकी के द्वारा प्रभावशाली बन जाए। कोलम्बिया की सामाजिक परिस्थिति का अध्ययन करने पर मैंने यह अनुभव किया कि एक क्रांति की आवश्यकता है, जो भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, नग्न को वस्त्र देगी और हमारे सभी देशवासियों की भलाई के लिए कटिबद्ध होगी। मैं महसूस करता हूँ कि ऐसा संघर्ष या क्रांति एक मसीही क्रांति और पुरोहितिक संघर्ष है। हमारे देश की वर्तमान परिस्थिति को मद्दे नज़र रखते हुए, केवल इसी के द्वारा हम उस प्रेम की

स्थापना कर सकते हैं, जो हमारे अन्दर अपने पड़ोसी के प्रति होना चाहिए।''

विलियम बारकले, पवित्र बाईबिल के आलोचक (टीकाकार) के अनुसार धन्य कुँवारी मरियम का गीत **मैग्नीफिकात**, विश्व का सर्वाधिक क्रान्तिकारी दस्तावेज (लेख) है। यह तीन तरह की क्रान्तियों के विषय में बताता है। गीत का यह वाक्य ''वह घमण्डियों के हृदय के विचारों को तितर-बितर कर देता है'', नैतिक क्रान्ति के विषय में बताता है। पंक्ति ''वह शक्तिशाली को उनके सिंहासन से उतार देता है और विनम्र व्यक्ति (दीनों) को महान बनाता है,'' यह सामाजिक क्रान्ति की बात करती है और एक आर्थिक क्रान्ति निम्न पंक्ति में दृष्टिगोचर होती है; ''उसने दरिद्रों को तृप्त किया है और धनियों को खाली हाथ लौटा दिया है।''

इन तीनों क्रान्तियों को शांतिपूर्ण रीति से क्रियान्वित करने का हमारा प्रयास निश्चय ही हमारी स्वर्गिक माता मरियम और मातृभूमि भारत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगा। पवित्र माता मरियम हमारे लिए और हमारे प्यारे भारतवर्ष के सब लोगों के लिए ईश्वर से प्रार्थना करे। मैं आप सबको स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं और माता मरियम के स्वर्गारोहण पर्व की आशीष देता हूँ।

जय माँ मरियम! जय हिन्द!!

प्रभु में आपका,

✠ **राफी मंजलि**

(आगरा के महाधर्माध्यक्ष)

ARCHBISHOP'S ENGAGEMENTS (AUGUST, 2021)

1	Holy Mass: Holy Communion & Confirmation, Cathedral, Agra	12	Visit to Achalpur & Kasganj
7	Journey to Allahabad	14	Silver Jubilee, Ajay Nagar
8	Diaconate, St. Joseph's Regional Seminary, Allahabad	15	Visit to Hathras & Sadabad
11	Visit to Etah & Bastar	29	Holy Mass: Holy Communion & Confirmation, St. John's Church, Firozabad

With immense joy and profound gratitude to God and Mother Mary, We invite you to pray for us on our

Ordination to Diaconate

to be conferred by His Grace

Most Rev. Dr. Raphy Manjaly

(Archbishop of Agra Archdiocese)

on

8th August, 2021

at

St. Joseph's Regional Seminary

Prayagraj

Eucharistic Missionary: Burn with the Zeal for Evangelisation

A talk given by Rev. Fr. Varghese Kunnath (Director- Sadbhavana) on the occasion of Priestly Monthly Recollection, on 28th July, 2021.

Who is a missionary?

Missionary is a person sent on a religious mission, especially one sent to promote Christianity,to a place where people have not heard about Jesus Christ.

A missionary is also known as Evangelist, apostle, preacher, minister, priest, campaigner, crusader, champion, converter, promoter, advocate and proponent.

Definition: "missionary" Not found in Scriptures "Apostle" translated into Latin is misio, meaning "a sent one" Selecting and commissioning is illustrated in Luke 6: 12-16o "and all night He continued in prayer to God. And when day came, He called His disciples to Him (probably about 70); and chose twelve of them, whom He also named as apostles" At Antioch (Acts 13:1-3) church leaders were selected and sent.

Characteristics of a missionary - (John 17:13-19)

1. Ordinary person
2. Called by God
3. Person with God experience
4. Full time ministry of the word and prayer
5. Cross geographical and cultural boundaries
6. Preach the Gospel in unreached places
7. Distinctly driven
8. Especially equipped
9. Ardent love for Eucharist or Life governed by Eucharist
10. Ready to be hated, persecuted and martyred for the Truth (The Word of God)

A missionary must be, primarily, a Eucharistic missionary.

What is Eucharist?

From earliest times, the Eucharist has been at the heart of the Church worship. In it is celebrated the memory of the life, death and Resurrection of Jesus Christ.

The Holy Eucharist is the Sacrament of the New law, which our Lord Jesus Christ Instituted permanently. His body and blood, soul and divinity are contained, offered and received under the appearance of bread and wine.

The Eucharist is the Catholic Church's fundamental act of thanksgiving worship of God, constituting at once a Sacrifice-Sacrament, a Communion-Sacrament, and a Presence-Sacrament.

The institution of the Eucharist by Jesus on the night before his Crucifixion is reported in four books of the New Testament (Matthew 26:26-28; Mark 14:22-24; Luke 22:17-20; and ICorinthians 11:23-25).

According to the Eucharistic doctrine of Roman Catholicism, the elements of the consecrated bread and wine are transubstantiated into the body and blood of Christ: their substance is converted into the substance of the body and blood, although the outward appearances of the elements, their "accidents," remain.

The Catholic Church states that the Eucharist is the body and blood of Christ under the species of bread and wine.It maintains that during the consecration, the substances of the bread and wine actually become the body, blood, soul and divinity of Christ (transubstantiation) while the appearances or "species" of the elements remain (e.g. colour, taste, feel, and smell).

The Holy Eucharist is the very center of catholic worship, the heart of catholic life. Because the (catholic) church believes that the Son of God is truly present in the Blessed Sacrament.



Other Names of the Holy Eucharist:

Blessed Sacrament because it is the most excellent of all sacraments.

Sacrament of the Altar because it is consecrated and received upon the altar

Holy Communion when it is received by the faithful

Bread of life because it is the nourishment of one's soul

Holy Viaticum when it is received during a serious illness, or at the hour of death.

"The Holy Eucharist is the heart and the Summit of Church's life for in it, Christ associates His Church and all her members with His sacrifice of praise and thanksgiving offered once for all on the cross to his Father; by this sacrifice he pours out the graces of salvation on his Body which is the Church" (CCC 1407).

Eucharist is Communion

The Grace and Mission flows from Eucharist

Eucharist constitutes the community

Eucharist is a sacrament of love (hate the sin and love the sinner)

Eucharist is a bond between communion and community

Eucharist leads to God within - 'AHAM BRAHMASMI'. God In everything and in everyone.

God as Father and Mother, God as brother and sister.

Eucharist leads to Prophetic Mission.

Eucharist is to speak against the injustice as John the Baptist did.

Eucharist leads to Educate, to Challenge, to Confront and to Transform.

Eucharist is to be celebrated inside out. Eucharist for 24 hours.

From the non-kingdom values to a life based on Kingdom Values

From personal conversion to social transformation.

Effects of the Sacrament

1. Unites us with Christ
2. Building up of the Christian community
3. Separates us from our sins
4. Takes away social or racial differences
5. To reconcile and be reconciled to and with the Church

The Real Presence of Jesus Christ in the Sacrament of the Eucharist

People have asked number of questions about the Real Presence of Jesus in The Eucharist. Some important questions are as follows.

Why does Jesus give himself to us as food

and drink?

Why is the Eucharist not only a meal but also a sacrifice?

When the bread and wine become the Body and Blood of Christ, why do they still look and taste like bread and wine?

Does the bread cease to be bread and the wine cease to be wine?

Is it fitting that Christ's Body and Blood become present in the Eucharist under the appearances of bread and wine?

Are the consecrated bread and wine "merely symbols"?

Do the consecrated bread and wine cease to be the Body and Blood of Christ when the Mass is over?

Why are some of the consecrated hosts reserved after the Mass?

What are appropriate signs of reverence with respect to the Body and Blood of Christ?

If someone without faith eats and drinks the consecrated bread and wine, does he or she still receive the Body and Blood of Christ?

If a believer who is conscious of having committed a mortal sin eats and drinks the consecrated bread and wine, does he or she still receive the Body and Blood of Christ?

Does one receive the whole Christ if one receives Holy Communion under a single form

Is Christ present during the celebration of the Eucharist in other ways in addition to his Real Presence in the Blessed Sacrament?

Why do we speak of the "Body of Christ" in more than one sense?

Why do we call the presence of Christ in the Eucharist a "mystery"?

Conclusion

By his Real Presence in the Eucharist Christ fulfils his promise to be with us "always, until the end of the age" (Mt 28:20). As St. Thomas Aquinas wrote, "It is the law of friendship that friends should live together. . . . Christ has not left us without his bodily presence in this our pilgrimage, but he joins us to himself in this sacrament in the reality of his body and blood" (SummaTheologiae, III q. 75, a. 1). With this gift of Christ's presence in our midst, the Church is truly blessed. As Jesus told his disciples, referring to his presence among them, "Amen, I say to you, many prophets and righteous people longed to see what you see but did not see it, and to hear what you hear but did not hear it" (Mt 13:17). In the Eucharist the Church both receives the gift of Jesus Christ and gives grateful thanks to God for such a blessing. This thanksgiving is the only proper response, for through this gift of himself in the celebration of the Eucharist under the appearances of bread and wine Christ gives us the gift of eternal life.

Let us pray

God our Father, we thank you for choosing us as Missionary Priests.

Fill us with the qualities of the Missionary.

Fill us with the burning zeal for the salvation of souls.

Thank you Jesus for the Eucharist. Help us to live the Eucharist 24 hours of the day.

Fill us with your Holy Spirit to live as exemplary Missionary Priests for the Glory of God.

Help me Jesus to offer the Holy Mass as my First Mass, Best Mass and The Last Mass.

Make this Presbyterium loving, respectful, sharing, trusting, grateful, encouraging and appreciating family where we long to see each other and where we become sensitive to the needs and feelings of each other. Mary, be with us always. Amen.

हम धर्म परिवर्तन कराते हैं...?

आजकल यह मुद्दा बड़े जोर-शोर से गर्मा रहा है कि कुछ लोग धर्मपरिवर्तन कराते हैं। आरोपों का दौर जारी है। पवित्र ग्रन्थों का अपमान... कोई दोष नहीं मिलता तो रात-दिन तांत्रिक विद्या में लिप्त रहने वाले अब चर्च पर ही तंत्र मंत्र विद्या सिखाने का दोष लगा रहे हैं। वैसे यह कुत्सित मंशा तो सत्तर-अस्सी साल से चली आ रही है परन्तु जब उन्मादियों को खाद-पानी मिलने लगता है तब उन दिनों वे एक दम बौराए रहते हैं...धार्मिक (प्रार्थना) स्थलों की तोड़फोड़...उत्पात मचाना, आजकल ये घटनाक्रम तेजी से फैल रहे हैं...परन्तु इनसे हमें घबराना नहीं है। हाँ, हम धर्म परिवर्तन कराते हैं और कराते रहेंगे?

तो बन्धुओं! यह तो बहुत ही परिश्रम का काम है और पुण्य कर्म भी, साथ में असाध्य भी। आप क्यों कराते हैं 'धर्म परिवर्तन'? बन्धुओं! पहले हम धर्म की परिभाषा तो समझ लें, कि धर्म क्या है? इसे तो जानें। भक्तों! जो 'धारण' करने योग्य हो वही 'धर्म' है। जो 'ग्रहण' किया जा सके वही 'धर्म' है।

सबके धर्म अलग-अलग हैं, क्योंकि सबका स्वभाव अलग-अलग है। देखो फूलों का स्वभाव महकना तो काँटों का स्वभाव चुभना है, अग्नि का स्वभाव जलना तो पानी का स्वभाव बुझाना है। सूर्य का स्वभाव दहकना तो चन्द्रमा का स्वभाव शीतलता प्रदान करना है और बिच्छु का स्वभाव डंक मारना तो मुनि का स्वभाव क्षमा, दया करना है। हम मानव भी तो इसी तरह अपने-अपने धर्म अर्थात् स्वभाव का निर्वाह करते हैं...और गर्व से कहते हैं, यह मेरा 'धर्म' है। यानि अपने स्वभाव की प्रशंसा। इसमें गलत क्या है? हम मानव अपने संस्कार, संस्कृति, परवरिश और अपने परिवेश के कारण अलग-अलग स्वभाव के हो जाते हैं... हमारा जीवन धर्म अलग-अलग किस्म का होता ही रहता है...जीवन पर्यन्त...हमेशा...। लेकिन...लेकिन मित्रों जो मानव स्वभाव (धर्म) समाज द्वारा मान्य न हो...कानून और मन-मस्तिष्क द्वारा स्वीकार्य न हो उसे बदलने में हर्ज ही क्या है? बन्धुओं! मैं यहाँ पूजा-पद्धति, ग्रन्थ, पाठ की बात नहीं कर रही हूँ, धर्म हमारे स्वभाव की व्याख्या करता है जबकि; जातियाँ अपने-अपने विशेष रीति-रिवाज, पूजा-पाठ की पद्धति को दर्शाती है। 'धर्म' और 'पूजा पद्धति' दोनों अलग हैं।

अब आप ही बताइए। यदि कोई स्वभाव से ही झूठ बोलता हो, चोरी करता, प्रतिशोधी, क्रोधी, झगड़ालू, अन्ध विश्वासी, असंयमी और समाज विरोधी कार्य करता हो तो क्या मैं और आप उसके इस स्वभाव यानि धर्म को बदलने, परिवर्तित करने की कोशिश नहीं करेंगे? या उसे यूँ ही पतन की ओर जाते देखते रहेंगे? कदापि नहीं, हमारा फर्ज है उसका जीवना बचाना। एक सच्चा हितैषी यही करता है भटके हुओं को सही मार्ग दिखाना, उसे बदल देना। आखिर कारागार और न्यायालय भी तो मनुष्य के धर्म (स्वभाव) में परिवर्तन लाने का ही तो काम कर रहे हैं। प्रत्येक की पूजा पद्धति यही 'धर्म-परिवर्तन' ही तो कर रही है...एक हम ही नहीं।

हाँ! एक मसीही होने के नाते मेरी और आपकी यही जिम्मेदारी होनी चाहिए कि चाहे कोई भी इन्सान हो, किसी भी जाति, सम्प्रदाय का हो उसके गलत स्वभाव (धर्म) में परिवर्तन लाना है उसकी आत्मा को बचाना अवश्य है। माता-पिता, गुरुजन, धर्मगुरु सभी यही कोशिश करते हैं कि मानव स्वभाव यानि 'धर्म' में परिवर्तन आए। क्या यह गलत है? और हम मसीही लोगों के लिए परमेश्वर के सम्मुख खड़े होने के लिए सुयोग्य स्वयं को ही नहीं बल्कि औरों को भी बनाना है। हम पाप से घृणा करते हैं पापी से नहीं। हम चाहते हैं दूसरों का भी जीवन बचे। प्रेम क्षमा, दया, सभी के जीवन मूल्य हों।

अब आप कहेंगे कि क्या आपने ही इस काम का ठेका लिया हुआ है? तो मेरे प्रिय बन्धुओं! हमने तो पूरा टेण्डर लिया हुआ है क्योंकि, यह मानव जीवन भी तो बार-बार नहीं मिलता है; इसी जन्म में क्यों न हम खुद भी सुधरें और दूसरों को भी सुधारें। आखिर सुन्दर समाज, संसार तभी तो सुन्दर होगा जब हम और आप सभी सुन्दर स्वभाव (धर्म) के होंगे। धरती को स्वर्ग बनाना मेरी और आपकी ही तो जिम्मेदारी है।

कितने नादान हैं वो जो वचन रूपी प्यार बांटने वालों पर अत्याचार करते हैं, उन्हें सताते और उनकी हत्या कर देते हैं... कहीं धर्मस्थल माफ कीजिए, प्रार्थना स्थल तोड़ते हैं, पवित्र ग्रन्थ फाड़ते हैं। मूर्खों! ऐसा करने से कहीं पुण्य कार्य रुका करते हैं।

निर्बुद्धियों को कौन समझाए कि हमारे देश भारत के संविधान अनुच्छेद 26 में स्पष्ट लिखा है- ''प्रत्येक व्यक्ति अपने धर्म प्रचार-प्रसार के लिए स्वतंत्र है; साथ ही दूसरों (के धर्म) की गलत बातों का विरोध करने के लिए भी स्वतंत्र है। इसे कोई नहीं रोक सकता।''

संत मत्ती के सुसमाचार के अध्याय 24:9 में स्पष्ट लिखा है- तो हमें घबराना नहीं है। प्रभु येसु का शुभागमन निकट है - स्वागत के लिए तैयार रहो...अन्य को भी तैयार करो...वह प्रकट रूप से नहीं आ रहा...वह मेरे और आपके हृदय में आना चाहता है...मसीही स्वभाव 'धर्म' को ग्रहण करो।

निशी अगस्टीन (सह-सम्पादिका)
अग्रेडियन्स पत्रिका, आगरा

The Holy Father's Prayer Intention
AUGUST - 2021
Intention for Evangelization - The Church: Let us pray for the Church, that She may receive from the Holy Spirit the grace and strength to reform herself in the light of the Gospel.

पवित्र त्योहार: रक्षाबन्धन

हिन्दुओं के व्रत, पर्व और त्यौहारों की श्रृंखला में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी रक्षाबन्धन है। रक्षाबंधन का त्यौहार सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रक्षाबन्धन को राखी का त्यौहार और 'सलोनो' भी कहा जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के दाहिने हाथ की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनसे उपहार पाती हैं। रक्षाबन्धन के दिन पुरोहित भी अपने यजमानों के हाथों की कलाइयों पर राखी बांधते हैं।

महाभारत काल में पाञ्चाल देश की राजकुमारी द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को राखी बांधी थी। कहते हैं कि एक बार श्री कृष्ण के हाथ में चोट लग जाने से खून रिसने लगा। भगवान श्रीकृष्ण के हाथों में खून देखकर राजकुमारी द्रौपदी ने तत्काल अपनी ओढ़नी फाड़कर उस पर पट्टी बांध दी। इस पर श्रीकृष्ण ने द्रौपदी से कहा ''बहिन, यह पट्टी मुझ पर तुम्हारे ऋण के समान रही। आज से तुम्हारी रक्षा का भार मेरे ऊपर रहेगा।''

जब कौरवों की द्यूत सभा में महाबली दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण किया जा रहा था, तब द्रौपदी ने अपनी रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा। उस अवसर पर श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज की रक्षा की और राखी का कर्ज चुकाया।

रक्षाबन्धन की महत्ता पर अनेक रोमांचकारी घटनाएं इतिहास के सुनहरे पृष्ठों पर अंकित हैं। अनेक वीर नारियों ने अन्य धर्मावलम्बियों के आक्रमण करने पर उन्हें अपना धर्मभाई बनाकर राखी बांधकर अपने सतीत्व की रक्षा की थी। सोफिया के राजा द्वारा पुरुष को अपना राखीबंध भाई बनाना और कर्मवती का मुगल बादशाह हुमायूँ को अपना राखी बंध भाई बनाना इतिहास की अविस्मरणीय घटनाएं हैं। रक्षाबन्धन का आदर्श महान है। रक्षाबन्धन भाई-बहन को रक्षा स्नेह के एक सूत्र में पिरोने वाला परम पवित्र त्यौहार है।

साभार: उमाशंकर तिवारी (दैनिक जागरण)

To those on the Path, Suffering is GRACE!

There was a great experiment done in the early 1980s called the 'Bio-dome'. It was an exercise to create the perfect living environment for human beings, plant, and animal life. A huge glass dome was constructed and an artificial, controlled environment was created with purified air and water, filtered light, and so on, offering the perfect growing conditions for trees, fruits and vegetables...and humans. People lived in the Bio-dome for many months at a time, and it was wonderful because everything seemed to do well, with one exception. When the trees that were planted grew to be a certain height, they would simply topple over. It baffled scientists for the longest time, until one day they realized the one natural element they forgot to recreate in the Bio-dome: WIND! Trees need wind to blow against them, which in turn causes their root systems to grow deeper into the soil, and supports the tree as it grows taller.

What a great lesson we can take from the Bio-dome experiment! Who among us doesn't long for a perfect growing environment with no disruptions from outside influences? We strive to avoid the times of contrast and tension, those times when the challenges of daily life push against us. When they do, the normal tendency is to curse them. If the trees could talk, I wonder if we would hear them curse the wind each time they encountered a storm. More likely, I believe we would hear them thank the wind for assisting them in deepening their root system, enabling them to grow stronger and taller. That's nature's wisdom at work!Watch how a tree bends and sways gracefully when the wind blows against it. It does not stand rigid, resisting the flow of energy. It does not push back. The tree accepts the strong wind as a blessing that helps it grow.

Recently I went through one such gush of strong winds in my life. My father whom I am most attached to in this world took gravely ill and in spite of all possible medication and fervent prayers of so many caring souls, there seemed to be no improvement in his health. This sickness of his was a devastating blow for him as well as for me; as we both have been a sort of 'control freaks'; who always needed to feel we had hold of the reins. And here we were…experiencing the space of not-knowing, of insecurity, of deep physical as well as mental agony - confused about what treatment to choose; not convinced that it was working; not sure if his doctors really knew what they were doing; not knowing 'if this is it, how long we have got'; 'what lies ahead'…! Being 'in this gap' - brought in both of us a growth (through deep inner pain) towards acceptance of our not being in charge of life, and to learn what it really means to truly let go.

Now I can better understand what Jesus might have gone through during His agony in the garden, and later on, on the Cross; when for a moment, He even felt that His beloved Father too had forsaken Him! Now I know what it means…when even God doesn't seem to be hearing our prayers! And the answer that God has for us when we go through such trying times, is too deep and sacred to be put into words!

In his book, 'Choices in Healing', Michael Lerner talks of the "creative role in illness is helping us find our true selves - in moving us forward on our life paths." He notes that "In a society that has

forgotten how to meditate while healthy; many people are guided to deep contemplation of the meaning of life only through illness."Most of the people, whose bodies are not crippled or never became ill, may be in the last account losers, not winners. They are so comfortable with their body that they remain identified with the body. But when one is gravely ill, one cannot identify with the body anymore; it is too painful. One is forced to separate oneself from the body and this very separation will bring witnessing, watching, and deep alertness.

Friends, we may try to avoid what we see as 'negative' experiences in life, yet it's interesting to remember how a pearl is formed in an oyster. It's not a product of the oyster being in a joyful, positive and creative mood, but of its being irritated (by a grain of sand)! Like a tree, we too need the contrast of the winds of life pushing against us. We too need to go through devastating moments that make us sweat blood and hold on to almost nothing. In such times, we need to remember that infinite intelligence is the soil, the essential foundation upon which we grow our lives. Then we can view the challenges in our lives as blessings. It is that contrast that develops our character and deepens our spiritual roots in the rich soil of being; to be less identified with our body-mind; to know the truth of who we really are behind our day-to-day persona, to be more accepting, open, compassionate, grateful and detached.

There is no need to seek suffering, but when we find it, accept it. At times, we create misery for ourselves out of our unintelligence; by wanting only days and not nights, wanting only smiles and not tears. *So there is suffering that is useless - if you create it. But there is a suffering which is very meaningful - if life gives it to you.*

As a mindfulness practice, consider the following: Take a look at your challenges -- those times of contrast you may currently have blowing as gale-force winds in your life -- and give thanks for them. See them as the wind... and see yourself as a tree. *Then turn to the Source and deepen your roots into the truth of who you really are. Those are the times when your taproot draws its life force from the creator.* There is no such thing as a perfect life. If there were, we could not survive in it. Be thankful Life is as it is! Be flexible... bend and sway with the wind. Grow deep and you will stand tall!

Wish you 'transitional' experience of Good Friday and 'transforming'grace of Easter!

Sr. Rekha Punia, UMI
Nirmala Provincialate, Greater Noida

रिश्तों का तराजू

नफरत के तराजू में इंसानियत हल्की पड़ गई,
जिनको खुदा ने फरिश्ता बनाकर भेजा था।
उनकी नजरे दुनिया की चकाचौंध में दब गई,
रिश्तों का मोल पानी में बह गया।
अपनों का साथ फरेब में बदल गया,
हम लेकर चले थे वफादारी तराजू से तोलने।
दगा देने वाला आँखों की पट्टी खोल गया।।

शिल्पा पॉल, आगरा

DATES TO REMEMBER

AUGUST

01 B.D. Fr. Cyril Prakash Moras
04 B.D. Archbishop Albert D'Souza
04 O.D.Fr. John Roshan Pereira
05 B.D. Fr. Sunil Mathew
09 B.D. Fr. Raphy Vallachira
12 D.A. Fr. Joe Vadakkekara
15 B.D. Fr. Sebastian Kollithanam
15 B.D. Fr. Philip Correia
24 O.D. Fr. Peter Parkhe
26 B.D. Fr. Prakash Rodrigues

The Name 'Yahweh' in Psalms

God is known with a personal name in the Psalms and Hebrew Scriptures. When a personal name becomes more distinct and definite, the relationship has a foundation on which to develop. The famous story of Moses (Ex 3:13-15) represents what was no doubt fundamental also for the Psalms - that God Himself has disclosed His name 'Yahweh' to His worshippers, therefore bestowing the means for Him to be invoked (zikri) through all generations. The story is probably also best guide to the meaning sensed in the name (playing on the verb 'to be', hwh/hyh), appropriate for the One Who Is and Only Is, the unique, underived reality, the absolute authority.

The name 'Yahweh' occurs no less than 650 times in the Psalms and its short form 'Yah' 43 times. It is usually found at the beginning of the Psalms of distress (3, 5, 6, 7 etc.) as essential grace - given word that calls the Saviour into the encircling darkness. In psalms of praise (not least in the name's short form in the phrase halelu - yah, 'alleluia') it marks the Holy One, who alone is worshipped. His exclusive role is marked also in emphatic phrases such as 'Yahweh' (and no other) reign (93:1), 'Yahweh is my shepherd' (23:1).

In later times there developed such awe for the name 'Yahweh' such fear of using it unworthily, that open pronunciation of it was avoided. An early example of this evidence may be found in 42- 83, where the more general 'Elohim' (God) is usually preferred - thought to be an editorial revision carried through about the fourth century BCE before the blocks of psalms had come together into their present combination. Subsequently it became a standard practice (and to this very day) to pronounce 'Adonay' (the Lord) wherever yhwh (for Yahweh) was written. Already the Greek translators (third and second Centuries BCE) rendered the name throughout with Kurios ('Lord', sometimes with the article or possessive pronoun). This was the practice inherited by our English Bibles, which generally have 'the Lord' and in a few special cases offer 'Jehovah', a confused version of 'Yahweh'.

The Jerusalem Bible, emanating from the academic wisdom of the French Dominicans, bravely returned to 'Yahweh' throughout. This procedure is true to the original theology of God known by name, but must be a struggle against its strangeness in translation and against the gulf of millennia in the tradition of usages. For Christians the wonder of God is known in and through a name has come to center in the Lord Jesus Christ, to whom is given the name above all names (Phil 2:9), here they find the name and indeed the person that brings the expression of the One Who Only Is.

Though the avoiding of pronouncing 'Yahweh' in later times was contrary to the very purpose of the revelation of the name, it was not altogether a surprising development in view of the theology of the name reflected in Psalms. The name in effect seen as little short of God Himself made manifest. The name itself is praised as, like God, uniquely holy, powerful, faithful and saving. Revealed especially to His covenanted people (76:1), it is also the radiance of His glory which fills the world (8:1, 9). It is experienced as God's power and presence abiding in the sanctuary of Zion (74:7) and reaching from there in salvation (20:1-7).

-Fr. Alok Toppo

मानवाधिकार कानून की बुलंद आवाज़: अमर मसीहा - स्टेन स्वामी!

मानवाधिकार की इंकलाबी आवाज़...जो सदियों तक गूँजती रहेगी, इस आवाज़ की गर्जना को जब सत्तानशीन खामोश न कर सके तो उनकी हत्या कर दी गयी। उनकी हत्या एक कायराना अन्दाज़ में सुनियोजित, जघन्य, नपुंसक कार्यवाही।

निर्भीक समाजसेवी-स्टेन स्वामी का जन्म 24 अप्रैल सन 1937 को तमिलनाडु के एक किसान परिवार में हुआ। स्नातक शिक्षा पूरी कर आप ईसाई समाज के पुरोहित बने। समाज सेवा कार्य के दौरान जब आप झारखण्ड क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे तब वहाँ उन्होंने आदिवासियों की बेहद दयनीय स्थिति देखी। उनकी दुर्दशा तथा सीधेपन पर स्वामी का हृदय व्यथित हो उठा। उन्हों ने आदिवासियों के अधिकार की लड़ाई वहीं से शुरु कर दी। वहाँ दबंग पूँजीपति, उद्योग के नाम पर आदिवासियों की जमीन, जंगल, पोखर, खेत, नदी जबरन हड़प रहे थे, विरोध करने पर आदिवासियों को बुरी तरह मारा-पीटा जाता, उन्हें बंधुआ मजदूर बनाया जा रहा था, निर्दयतापूर्वक अमानवीय व्यवहार किया जाता और दबंगों को सरकार का समर्थन प्राप्त था। सत्ताधारी पूँजीपतियों से मिले हुए थे। ऐस में कानून के ज्ञाता फादर स्टेन स्वामी आदिवासियों की आवाज बन कर उभरे। स्वामी को आदिवासियों को संविधान में उनके अधिकार से अवगत कराया। अनुच्छेद 5 व 6 अनुसूची के विषय में उन्हें विस्तार से समझाया और अपने अधिकार के प्रति उन्हें जागृत किया; फलस्वरूप आदिवासियों ने जहाँ-जहाँ 5 व 6 अनुसूची लागू होती थी, उस क्षेत्र में गैर आदिवासियों और बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों, विशेषकर उद्योग के नाम पर भू-माफियाओं (लुटेरों) के वहाँ आने पर रोक लगा दी, ताकि उनकी भूमि, वन, खेत, नदी आदि सुरक्षित रहें जिसका मार्गदर्शन स्टेन स्वामी कर रहे थे। वे संविधान के दायरे में रहकर आदिवासियों की कानूनी नैतिक मदद कर रहे थे।

स्टेन स्वामी समाज शास्त्र के विद्धान थे इस विषय का अध्ययन उन्होंने तब किया था जब लोग समाजशास्त्र विषय में अनभिज्ञ थे। शान्तिपूर्वक उनकी इस लड़ाई में सरकार भी उन पर हाथ नहीं डाल पा रही थी। आदिवासियों की आवाज बने स्वामी जी ने उनमें हिम्मत भर दी थी। उनकी निर्भीकता के आगे सरकार घुटने टेकने को मजबूर हो रही थी। स्वामी जी का कोई दोष न मिलने पर उन्हें भीमा कोरेगाँव के फर्जी केस में उन्हें जेल में डाल दिया गया। उन पर आतंकी माओवादी होने का आरोप लगाया गया; इतना ही नहीं, उन पर पी.एम. की हत्या की साजिश रचने वाला भी बता दिया गया, उनके कम्प्यूटर, लैपटॉप में फर्जी वार्ता डाल दी गयी... उनके खिलाफ अनेकों झूठे आरोप तैयार किए गए थे।

मित्रों! ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। आपको बता दें कि जो भी आदिवासियों के लिए उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ता है सरकार उससे भयभीत होकर उसकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल में डाल देती है, उसे हमेशा के लिए खामोश कर देती है। सदियों से यही होता आ रहा है। इसी संदर्भ में आज भी अनेक आदिवासी नौजवान बाईस तेईस वर्षों से जेलों में बन्द हैं। चौरासी वर्षीय वृद्ध स्टेन स्वामी पर लगे झूठे आरोप अपने आप में ही फर्जी बकवाद हैं। सोचिए भला 84 वर्ष का बूढ़ा, जर्जर शरीर के स्वामी, पार्किंसन रोगी, जो अपने आप पानी का गिलास नहीं उठा सकता था, भोजन की तो बात

ही छोड़िए। इलाज के नाम पर सभी संवेदनहीन अस्पताल। उन्हें तिल-तिल कर मरने को मजबूर किया गया था। 22 अक्टूबर 2020 को जब वे बेहद बीमार हालत में थे; उन्होंने कोर्ट से अपील की थी कि उनका उचित इलाज कराया जाए जिसे कोर्ट ने भी साफ इन्कार कर दिया। मिलीभगत की पराकाष्ठा थी। इन्सानियत मर गयी थी सबकी, कोर्ट, पुलिस, प्रशासन, सरकार सबकी जेल प्रशासन की थी।

बाद में उन्हें अस्पताल से जेल, जेल से अस्पताल ले जाने का कुचक्र खेल खेला जाने लगा। मई माह में उन्हें जे.जे. हॉस्पीटल तीन-तीन बार ले जाया गया। जबरदस्ती, बेवजह, बूढ़े से खेल? स्टेन स्वामी अन्तिम समय में रांची (बिहार) में अपनों के बीच रहना चाहते थे, जिसे नजरअन्दाज कर दिया गया। काँपते हाथों से जो गिलास नहीं उठा सकते थे तो पानी पीने के लिए प्रशासन से उन्हें सिपर तक मुहैया नहीं कराया ताकि वे प्यासे मर जाएँ।

बेहद गम्भीर स्थिति में अन्तिम घड़ी में उन्हें होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया ताकि उनकी मौत का ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ें और वही हुआ। कुत्सित मंशा पूरी हुई। अब उनके तथाकथित हत्यारे सब निर्दोष हैं, केवल सरकार की निगाह में, खुद अपनी निगाह में, लेकिन हमारी निगाह में वे सब कातिल हैं- सरकार, जेल, अस्पताल, कानून सब।

पचास साल तक स्टेन स्वामी ने ढाल बनकर झारखण्ड में स्वदेशी विदेशी कम्पनियों की लूटपाट से आदिवासियों का कानूनी बचाव किया। उन्होंने आदिवासियों के अधिकार पर अनेक लेख पुस्तकें लिखीं जिनमें- 'बंद कैदियों का सच', 'आदिवासियों की आवाज', 'विलम्ब से न्याय' आदि प्रमुख हैं। कौन सा क्षेत्र नहीं था जहाँ स्टेन स्वामी समाज के दबे-कुचले, पिसते, दलित, लोगों के मसीहा न थे। बोझ से दबे लोगों के मसीहा स्टेन स्वामी ही थे।

स्टेन स्वामी बेशक नहीं रहे, लेकिन उनकी ये कुर्बानी अन्धे कानून के ताबूत की कील ही सिद्ध होगी। उनकी अन्तिम साँस तक लड़ी गयी जंग जरूर रंग लायेगी। आदिवासियों की जीत अवश्य होगी उन्हें अपने कानूनी अधिकार पता हो गए हैं। स्टेन स्वामी उनमें हिम्मत भर गए हैं।

हमारा संविधान कानून ही कहता है- ''हर एक को निर्दोष माना जायेगा, जब तक कि उसका दोष सिद्ध न हो।'' इसके बावजूद उन्हें जेल में डाला गया, अप्रत्यक्ष यातना दी गयी, शारीरिक, मानसिक, प्रताड़ना, अपमान। यहाँ तक कि उनकी अन्तरिम जमानत की अपील भी बार-बार ठुकरा दी गयी थी। इसी अन्धे कानून, दोगली सरकार की आँखें खोलने के लिए स्वामी की आँखें बन्द हुईं, लेकिन वे दलितों को जगा गए। अब आदिवासियों की आँखें खुली रहेंगी और खुली आँखों का निर्णय सबको झकझोरने की ताकत रखता है।

स्टेन स्वामी अमर हैं, अमर रहेंगे, प्रभु येसु की तरह, महात्मा गाँधी के समान, सभी शहीदों की मानिन्द।

-निशी अगस्टीन (सह-सम्पादिका)
मासिक पत्रिका 'अग्रेडियन्स,' आगरा

प्यारा प्यारा मेरा देश, सबसे न्यारा मेरा देश।
दुनिया जिस पर गर्व करे, ऐसा सितारा मेरा देश।
चांदी सोना मेरा देश, सफल सलोना मेरा देश।
गंगा-जमुना की माला का, फूलों वाला मेरा देश।
आगे जाये मेरा देश, नित नये मुस्काये मेरा देश।
इतिहासों में बढ़-चढ़कर नाम लिखाये मेरा देश।

सौजन्य: सिम्मी (एग्नेस) थॉमस

मसीह सब सृष्टि में प्रथम है

प्रिय अज़ीज़ों, संत पौलुस द्वारा पवित्र शास्त्र में अंकित वचन हमें प्रेरणा देता है कि अविश्वासियों के साथ असमान जुए में न जुतो, क्योंकि धार्मिकता और अधर्म का क्या मेल-जोल? ज्योति और अंधकार की क्या संगति? मसीह का बलियाल के साथ क्या लगाव? विश्वासी के साथ अविश्वासी का क्या नाता? मूर्तियों के साथ परमेश्वर के मन्दिर का क्या सम्बन्ध? हम तो जीवित परमेश्वर के मंदिर हैं। (2 कुरिन्थियों 6:14-16)

मसीह अदृश्य परमेश्वर का प्रतिरूप और सारी सृष्टि में पहलौठा है, क्योंकि उसी में सारी वस्तुओं की सृष्टि हुई, स्वर्ग की हो अथवा पृथ्वी की, देखी या अनदेखी, सिंहासन, प्रभुताएं, प्रधानताएं, अधिकार सारी वस्तुएं उसी के द्वारा और उसी के लिए सृजी गई हैं। वह सब वस्तुओं में प्रथम है, और सब वस्तुएं उसी में स्थिर रहती हैं। वही देह अर्थात कलीसिया का सिर है, वही आदि है, और मरे हुओं में से जी उठने वालों में से पहलौठा है ताकि सब बातों में वही प्रधान ठहरे।

पिता की प्रसन्नता इसी में है कि उसमें सारी परिपूर्णता निवास करे। उसके क्रूस पर बहे लहू के द्वारा मेल-मिलाप करके सब वस्तुओं का उसी के द्वारा अपने साथ मेलकर लें चाहे वे पृथ्वी पर की हों, चाहे स्वर्ग में की। तुम पहले तो परमेश्वर से अलग किए हुए और बुरे कामों के कारण मन से बैरी थे, परन्तु मसीह ने अपनी शारीरिक देह में मृत्यु के द्वारा तुमसे मेल कर लिया है कि तुम्हें अपने सम्मुख पवित्र, निष्कलंक और निर्दोष बनाकर उपस्थित करे - यदि तुम विश्वास की नींव पर दृढ़ बने रहो, और उस सुसमाचार की आशा को जिसे तुमने सुना, न छोड़ो। (कुलुस्सियो 1:15-23)

सावधान रहो कि कोई उस तत्व-ज्ञान और व्यर्थ धोखे के द्वारा तुम्हारा शिकार न कर ले, जो मनुष्यों के परम्पराई मत और संसार की आदि शिक्षा पर आधारित है, पर वह मसीह पर आधारित नहीं। क्योंकि यीशु में ईश्वरत्व की सारी परिपूर्णता सदेह निवास करती है और तुम उन्हीं यीशु में परिपूर्ण किए गए हो जो सारी प्रधानता और अधिकार के शिरोमणि हैं। (कुलुस्सियो 2:8-9)

बिना ड्राईवर के अगर कार चले तो क्या हम उस कार में सवारी करना पसन्द करेंगे, कदापि नहीं, क्योंकि उस कार का क्या भरोसा कि वह हमें किस मोड़ पर ले जाकर हमारी जीवन लीला समाप्त कर दे। संत पौलुस भी यही कहना चाहते हैं, कि एक दिन मैं भी अपनी जीवन रूपी कार को बिना ड्राईवर के चला रहा था और प्रभु यीशु का विरोधी था, यीशु के लोगों को बहुत सताता था लेकिन जब यीशु ने मुझे अपने काम के लिए चुना तो मेरे जीवन की कार का ड्राईवर प्रभु यीशु हो गया। हमारे पिता परमेश्वर की ओर से सभी को अनुग्रह और शान्ति प्राप्त होती रहे। आमेन

— एस.बी. सैमुअल, केन्द्रीय विद्यालय, आगरा

धन्य कुँवारी मरियम का स्वर्गारोहण
(स्वर्गारोहण का महापर्व - 15 अगस्त)

Difference between a Guru and a Teacher...

It's so beautiful and nicely worded that just couldn't resist sharing it.

1. A teacher takes responsibility for your growth.
   A Guru makes you responsible for your growth.
2. A teacher gives you things you do not have and require.
   A Guru takes away things you have and do not require.
3. A teacher answers your questions.
   A Guru questions your answers.
4. A teacher requires obedience and discipline from the pupil.
   A Guru requires trust and humility from the pupil.
5. A teacher clothes you and prepares you for the outer journey.
   A Guru strips you naked and prepares you for the inner journey.
6. A teacher is a guide on the path.
   A Guru is a pointer to the way.
7. A teacher sends you on the road to success.
   A Guru sends you on the road to freedom.
8. A teacher explains the world and its nature to you.
   A Guru explains yourself and your nature to you.
9. A teacher gives you knowledge and boosts your ego.
   A Guru takes away your knowledge and punctures your ego.
10. A teacher instructs you.
    A Guru constructs you.
11. A teacher sharpens your mind.
    A Guru opens your mind.
12. A teacher reaches your mind.
    A Guru touches your spirit.
13. A teacher instructs you on how to solve problems.
    A Guru shows you how to resolve issues.
14. A teacher is a systematic thinker.
    A Guru is a lateral thinker.
15. One can always find a teacher.
    But a Guru has to find and accept you.
16. A teacher leads you by the hand.
    A Guru leads you by example.
17. When a teacher finishes with you, you celebrate.
    When a Guru finishes with you, life celebrates.

    Let us honor both, the teachers and the Guru in our lives...

    Happy Gurupurnima!!!



सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा

मैं, पूरी गंभीरतापूर्वक यह प्रतिज्ञा करता हूँ, कि मैं जाति, क्षेत्र, धर्म और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर भारतवर्ष के सभी लोगों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूँगा।

मैं, यह भी प्रतिज्ञा करता हूँ, कि अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए, संवैधानिक साधनों और आपसी बातचीत द्वारा एक-दूसरे के बीच की दूरियों को समाप्त करने का सतत् प्रयास करूँगा।

संत जॉन मेरी वियान्नी

(1786 से 1849)

पर्व दिवसः 4 अगस्त

संत जॉन मेरी वियान्नी फ्रांस देश के एक उत्साहित एवं पवित्र पुरोहित थे। वे डायोसिसन यानी धर्मप्रांत के पुरोहितों के संरक्षक संत हैं। उनका पर्व 4 अगस्त को मनाया जाता है। वे पेरिस के लोगों से विशेषकर गरीब एवं बीमार लोगों से भेंट करने जाते थे। वे उनके लिए पवित्र साक्रामेन्ट के सामने कई कई घण्टे प्रार्थना में व्यतीत करते थे। वे उनके लिए त्याग-तपस्या करते थे। वे अपने जीवन से अच्छा उदाहरण देकर उनका मार्गदर्शन करते थे।

